(b) Additions to the National Highway system being made from time to time are not on the basis of any State-wise distribution, but keeping in view factors such as the reecommendations about new National Highways made by* the N.T.P.C. (National Transport Policy Committee) availability of funds, interse priority attached to each individual road on an all India basis, fulfilment of the prescribed criteria for declaring new National Highways, etc.

Barelly to Amingaon Road Project

1412. SHRIMATI KAMLA SINHA: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased, to state:

(a) whether Barelly to Amingaon (Assam) Road project was sanctioned in 1962;

(b) whether 400 KM road portion failing in Bihar is yet to be completed; and

(c) if so, the reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRl JAGDISH TYTU3R): (a) and (b) The Go vernment of India decided in 1962 to construct the 'Lateral Road Pro ject' stretching from Bareilly (in UiP.) to Amingaon (Guwahati) In (Assam) via Lakmrnpur-Bafiraich-Basti - Gorakhpur - Kasia - Pipra - Muzaffarpur - Barauni - Purnea - Arraria-Baftadurganj - Thakurganj - Hashimara-Kochtisraon-Sidli which completed in 1972-73 through grants in aid by the Central Government, There is no length remaining to be completed alDTig this roure in Bihar.

(c) Does not arise.

डा० सम्पूर्णानन्द के सम्मान में स्मारक डाक टिकट

1413. श्री सत्य प्रकाश मालवीय: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विख्यात स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान, उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री तथा राजस्थान के राज्यपाल डा० संपूर्णानन्द के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किये जाने के प्रस्ताव पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ख) उक्त स्मारक डाक टिकट के कब तक जारी किये जाने की संभावना

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री राजेश पायलट) :(क) यह प्रस्ताव स्मारक का विशेष डाक टिकट जारी करने और अन्य संबंधित मामलों पर सरकार को सलाह देने वाली फिलैटलिक सलाहकार समिति की दिनांक 6-8-90 को हुई बैठक में विचारार्थ रखा गया था किन्तु समिति ने इसकी सिफारिश नहीं की ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

जम्मू कश्मीर में मौलवी फारुख की शव यात्रा पर गोलीबारी की जांच

1414. श्री सत्य प्रकाश मालवीय: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जम्मू-कश्मीर में मौलवी फारुख की शव यात्रा पर गोलाबारी किये जाने से कुछ व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी, इस घटना की जांच किसने की ; और

(ख) क्या यह सच है कि उक्त घटना की दो पुलिस महानिरीक्षकों से जांच कराई गई है, और यदि हां, तो उनकी रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) से (ख) जम्मू और कश्मीर राज्य सरकार से सूचना की प्रतीक्षा है ।